लोक सभा अध्यक्ष छत्तीसगढ़ विधानमंडल के सदस्यों के लिए प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे

...

नई दिल्ली/कैंप कार्यालय रायपुर; 19 जनवरी, 2024: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला कल अर्थात शनिवार, 20 जनवरी, 2024 को छत्तीसगढ़ विधान सभा के सदस्यों के लिए एक प्रबोधन कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे।

छत्तीसगढ़ के मुख्य मंत्री, डॉ. विष्णु देव साय; छत्तीसगढ़ विधान सभा के अध्यक्ष, डॉ. रमन सिंह, छत्तीसगढ़ सरकार के मंत्री, छत्तीसगढ़ विधान सभा के विधायक, लोक सभा के महासचिव और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे।

छत्तीसगढ़ विधान सभा के नवनिर्वाचित सदस्य 20 एवं 21 जनवरी 2024 को आयोजित किए जा रहे इस दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

कार्यक्रम के दौरान भारत के उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति, श्री जगदीप धनखड़; केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, श्री अमित शाह; केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री, श्री मनसुख एल. मांडविया, वरिष्ठ विधायक और विषय विशेषज्ञ विधायी महत्व के विषयों पर चर्चा करेंगे। इन विषयों में संसद/विधानमंडलों में बजटीय प्रक्रियाएं और वित्तीय कार्य , 'संसदीय विशेषाधिकार और आचार', प्रश्नकाल, अल्पकालीन चर्चा, स्थगन प्रस्ताव, ध्यानाकर्षण, अविलंबनीय लोक महत्व की सूचनाओं का महत्व और उपयोग और 'संसदीय प्रणाली में समितियों की भूमिका और कार्यप्रणाली' शामिल हैं।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विधायकों को विधायी ढांचे में स्वयं को ढालने में उनकी सहायता करना और उन्हें विधानमंडल के कामकाज और इसकी प्रक्रियाओं से परिचित कराना है। कार्यक्रम में सदस्यों को प्रेरक संवाद, ज्ञानवर्धक आदान-प्रदान तथा संसद और राज्य विधानमंडलों के कार्यकरण के पिछले उदाहरणों के माध्यम से व्यावहारिक जानकारी दी जाएगी ।